महत्वपूर्ण एवं खास

आमदई खदान एरिया में नक्सली पर्चे में सुपारी किलिंग का उल्लेख

नारायणपुर (आरएनएस)। जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले आमदई खदान एरिया में बुधवार की सुबह बड़ी मात्रा में नक्सली पर्चा फेंका गया है। पर्चा में नक्सलियों के द्वारा सुपारी किलिंग की बात स्वीकारते हुए खदान के एक ठेकेदार पर डील के हिसाब से वादा खिलाफी का आरोप लगा रहे है। ज्ञात हो कि 03 जुलाई को नक्सलियों के द्वारा निक्को जायसवाल कंपनी के आयरन ओर खदान पर हमला कर भिलाई निवासी सुपरवाइजर प्रदीप शील की हत्या कर दी थी। नक्सलियों के द्वारा किए गए आगजनी में सवा चार करोड़ रुपये का हुआ नुकसान हुआ था। उल्लेखनिय है कि तीन जुलाई को नक्सल वारदात के दौरान मौके पर मौजूद श्रमिकों की माने तो घटना को अंजाम देने आए नक्सली पूरी तैयारी के साथ आए थे। वहां तैनात जवानों की हर गतिविधियों पर नजर रखते हुए नक्सलियों के द्वारा आपस में बातचीत की जा रही थी। कुछेक नक्सलियों के द्वारा कैम्प में फायरिंग कर जवानों को अंदर ही रोका गया था। आमदई खदान में लाल आतंक की दहशत दिखाने दुधमुंहे बच्चों के साथ महिला नक्सली साड़ी पहनकर पहुंची थी। हाथों में मौत का सामान और कांधे में कपड़े से बांधकर बच्चों को लेकर पहुंची महिला नक्सली बेखौफ होकर एक-एक कर लाखों रुपये के वाहनों को आग के हवाले करती रही। पहाड़ियों पर खनन कार्य में लगी वाहनों को जलाने के बाद नक्सली श्रमिकों को एक जगह इकट्ठा कर वीडियोग्राफी और फोटो कैमरे में कैद करने के बाद नक्सलियों के द्वारा श्रमिकों को खदान में दुबारा कार्य नहीं करने की चेतावनी दी थी।

कारोबारी का अपहरण कर किया जबरन वसूली, तीन गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में दुर्ग के एक कारोबारी को डिस्टीब्यूटर एवं डीलरशिप के बहाने बुलाकर बुलाकर अपहरण कर जबरन वसूली करने की रिपोर्ट सिविललाईन थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्ग के अन्नू कॉर्पोरेट सप्लाई जुनवानी कंपनी के पार्टनर राजबीर नयन राणा ने कटोरा तालाब स्थित लक्की हार्डवेयर के संचालक पवन मेघानी, अमित मेघानी और अंकित मेघानी को अपनी कंपनी का डीलर बनाने के लिए 50 हजार रुपये नगद जमा करवाये थे। लॉकडाउन के दौरान माल भी सप्लाई किया। आरोपी तीनों भाइयों ने कंपनी के मालिक राजबीर को बुलवाया। जब कारोबारी राजबीर अपने कंपनी के एडवायजर इंद्रकुमार स्वर्णकार के साथ लक्की ट्रेडर्स पहुंचे, तो आरोपी भाइयों ने अपनी दुकान का शटर बंद कर मारपीट की और 50 हजार रुपये तत्काल देने की जिद पर अड़ गए। उन्होंने राजबीर के मोबाइल समेत अंगूठियां भी छीन लीं। इसके बाद कारोबारी ने अपने महावीर नगर निवासी एक परिचित से 50 हजार रुपये मंगवाकर आरोपी भाइयों को दिया और जैसे-तैसे सिविल लाइन थाने पहुंचकर पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। मामले में पुलिस ने तीनों भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है।

सात किलों गांजा के साथ तीन गिरफ्तार, एक्टीवा व गांजा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। गांजा बिक्री करने ग्राहक तलाश रहे तीन एक्टीवा सवार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर 7 किलों गांजा जब्त की है। मिली जानकारी के मुताबिक 24 अगस्त मंगलवार की देररात लोको कालोनी काली मंदिर के पास एक्टीवा सवार तीन युवक गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे। इसकी सुचना गुढ़ियारी पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंच पुलिस ने घेराबंदी कर रात 9 बजे के करीब एक्टीवा सवार तीन लोगों को पकड़ा। आरोपियों के पास से पालिथीन में रखा 7 किलों गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार रुपये बतायी जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मोहन राजपूत ऊर्फ मोहन नेपाली पिता धन सिंह राजपूत उम्र 31 वर्ष रामनगर गुढ़ियारी ,महेश पाथौडे ऊर्फ बाबी पिता निलकण्ठ पाथौडे उम्र 21 वर्ष भरत नगर गुढियारी तथा करण दास मानिकपुरी पिता विष्णु दास मानिकपुरी उम्र 20 वर्ष गोपाल नगर बताया है।

4 वार्डो में सामुदायिक भवन निर्माण को मिली मेयर इन कौंसिल की स्वीकृति

» राष्ट्रीय परिवार सहायता सूची में केवल पात्रों के होंगे नाम-महापौर

रायगढ़ (आरएनएस)। नगर निगम की एम आई सी बैठक आज बुधवार को महापौर कक्ष में रखी गई जिसमें निगम के महापौर जानकी काट्जू,आयुक्त एस जयवर्धन एवं एम आई सी सदस्य और निगम के आला अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कुल 12 एजेंडों को परिषद में रखी गई जिसमे सभी को स्वीकृति मिली।

सर्वप्रथम महापौर ने नवनियुक्त एम आई सी सदस्यों का एवं उपस्थित कौंसिल के सदस्यों का अभिवादन किया और एम आई सी सदस्यों से अपने प्रभार विभाग के सम्बंध में ही बात रखने कहा।

तत्पश्चात प्रथम एजेंडे अनुसार वार्ड क्रमांक 24 एवं 48 हाउसिंग बोर्ड कार्यालय से बोईरदादर चौक तक एवं वार्ड क्रमांक 22 एवं 23 चक्रधर नगर चौक से स्टेडियम तक बीटी पेच रिपेयर कार्य के मरम्मत हेतु मरम्मत संधारण मद को 15 वे वित्त आयोग से राशि की स्वीकृति ली जाएगी निर्णय लिया गया।

वहीं वित्तीय वर्ष 2021 22 - 999.88 लाख रुपए की 125 कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में 26.90 लाख रु ,वार्ड क्रमांक 9 में 26.80 लाख रु, वार्ड क्रमांक 14 में 26.90 लाख रु, और वार्ड क्रमांक 4 में 26.90 लाख रु सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं जलापूर्ति की व्यवस्था हेतु 450+ सबमर्सिबल पंप एवं 250+ हैंडपंप स्थापित उनके सुधार कार्य के लिए निविदा दर 19.50 लाख रुपए की वित्तीय एवं प्रशासकीय राशि को स्वीकृति प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री सस्ती दवा योजना धनवंतरी का निगम क्षेत्र अंतर्गत क्रियान्वयन हेतु पुराना सारंगढ़ बस स्टैंड में संचालित किए जाने को भी स्वीकृति दी गई। साथ ही नगर निगम द्वितीय तल पर स्थित सभा कक्ष के जर्जर फॉल सीलिंग के मरम्मत कराये जाने 5.25 लाख रुपए एवं विद्युत व अन्य कार्य के लिए ? 100000 एवं सभाकक्ष के ऊपर छत में गेलवेनाइज्ड शीट लगाए जाने हेतु 11.80 लाख रुपए कुल लागत 17.33 लाख रुपए की प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति को निर्णय में स्वीकृति दी गई।

राष्ट्रीय परिवार सहायता हेतु प्राप्त सूची अनुसार 34 प्रकरण में 22 प्रकरण जो पात्र थे उन्हें नियमानुसार कार्यवाही करने निर्णय लिया गया साथ ही आगामी एमआईसी की बैठक में अपात्र की सूची शामिल ना करने तथा बैठक के पूर्व सम्बंधित वार्ड पार्षद से चर्चा किये जाने निर्देशित किया गया है। जेसीबी रोबोट एस एस एल 135 वाहन का मरम्मत कार्य हेतु 92,106 का प्राक्कलन प्रस्तुत किया गया था 56,6 28 का भुगतान किया जा चुका है और भुगतान हेतु शेष राशि 40, 478 को मेयर इन काउंसिल ने स्वीकृति प्रदान की।वही जेसीबी 30 + वाहन का मरम्मत कार्य हेतु देयक 1,38,957 प्राप्त हुआ है सुधार कार्य में होने वाले व्यय पर भी स्वीकृति प्रदान की गई। कुल मिलाकर आज के बैठक के 12 एजेंडे स्वीकृत किये गए।

बैठक दौरान महापौर एम आई सी सदस्य सलीम नियारिया, विकास ठेठवार, प्रभात साहू, संजय देवांगन, रत्थु जायसवाल, लक्ष्मीन लखेस्वर मिरी, राकेश तालुकदार, संजय चौहान, रमेश भगत, अनुपमा शाखा यादव एवं निगम के डिप्टी कमिश्नर सुतीक्षण यादव, कार्यालय अधीक्षक रामनारायण पटेल, ई ई नित्यानंद उपाध्याय,अनिल बाजपेयी, एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। महापौर जानकी काट्जू ने बताया कि 12 एजेंडे थे। सभी को स्वीकृति मिली है,जिसमे बीटी पेच रिपेयर कार्य के मरम्मत हेतु मरम्मत संधारण मद को 15 वे वित्त आयोग से राशि की स्वीकृति ली जाएगी,परिवार सहायता अंतर्गत केवल पात्रों के नाम सूची में शामिल किए जाने कहा गया तथा अपात्रों के नाम को सर्वे कर सम्बंधित वार्ड के पार्षद से चर्चा करने निर्देशित किया गया है। वार्ड क्रमांक 4 ,9,11,14 के सामुदायिक भवन निर्माण को भी स्वीकृति दी गई है।वही छत्तीसगढ़ सरकार की धन्वंतरि योजना के संचालन स्थल के लिये भी स्वीकृति दी गई।

इंटरकनेक्शन वाल्व स्थापना कार्य के लिए 27 को जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

रायपुर (आरएनएस)। नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग के अध्यक्ष सतनाम सिंह पनाग ने नागरिकों को जानकारी देते हुए बताया कि अमृत मिशन योजना के तहत 150 एमएलडी शुद्ध जलसंयन्त्र के पम्प हाउस में पम्प मोटर क्रमांक - 4 के मेन हेडर में इंटर कलेक्शन एवं वाल्व स्थापना कार्य दिनांक 27 अगस्त 2021 शुक्रवार को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक किया जाना प्रस्तावित है. उक्त कार्य करने के कारण से 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाले सम्बंधित 23 जलागारों भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डी. डी. नगर, ईदगाहभाठा, सरोना, टाटीबंध,कोटा,कबीर नगर, जरवाय , गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवन्ति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, रामनगर, कचना, आमासिवनी एवं देवपुरी ओवरहेड टैंक से दिनांक 27 अगस्त 2021 को सुबह का नियमित जलप्रदाय होने के पश्चात उक्त दिवस को संध्याकालीन जलप्रदाय व्यवस्था आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी. दिनांक 28 अगस्त 2021 को सुबह से जलप्रदाय व्यवस्था नियमित रूप से प्रारम्भ होगी. इसके अतिरिक्त राजधानी शहर रायपुर क्षेत्र में स्थित अन्य जलागारों एवं पॉवर पम्प से जलप्रदाय यथावत रहेगा.

टैक्सी किराये पर लेकर मोबाइल व कार लूटकर भागने वाले, 2 गिरफ्तार

» लस्सी में नशीली दवा

कोरिया (आरएनएस)। टैक्सी किराये पर लेकर ड्राइवर को लस्सी में नशीली दवा मिलाकर आरोपियों ने ड्राइवर को पिला दिया। व उसके साथ मारपीट कर टैक्सी व मोबाईल लूटकर व नगदी भाग गए। घटना को अंजाम देने वाले दोनों बदमाशों को कोरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 14 अगस्त को अकरम और शकील ने मिलकर कोरिया के टैक्सी स्टैंड पर टैक्सी ली। इन दोनों ने ड्राइवर किशन कुमार से मुलाकात की। दोनों ने कहा कि इन्हें एक शादी में जाना है। किशन ने अपने मालिक मेहंदी हसन को जानकारी दी और दोनों को लेकर निकल गया। रास्ते में अकरम ने किशन से बातचीत करते हुए उसके साथ दोस्ती कर ली। वो किशन को शराब पिलाते रहे और एक ढाबे में खाना खाने के बहाने लेकर गए। यहां लस्सी में कुछ नशीली दवा मिलाकर पिला दी। इसके बाद उसके जेब में रखा 15 हजार रुपये मोबाइल व कार लूटकर आरोपी फरार हो गए। बेहोशी की हालत में ड्राइवर किशन को शहडोल के जंगल में छोड़ दिया। टैक्सी ड्राइवर किसी तरह जंगल में भटकने के बाद कई किलों मीटर पैदल व लिफ्ट लेकर कोरिया पहुंचा। जिसके बाद घटना की जानकारी अपने गाड़ी मालिक को दी। जिसके बाद मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई।

घटना की रिपोर्ट दर्ज होते ही एसपी संतोष सिंह ने आरोपियों को पकड़ने कुछ जवानों की टीम बनाई। पुलिस ने कोरिया के टैक्सी स्टैंड पर सैंकड़ों लोगों से पूछताछ करने के बाद एक नंबर मिला। एक टैक्सी वाले बताया कि उस दिन एक आदमी ने व्यवहारी जाने के लिए टैक्सी की बात करने के लिए कॉल किया था। ये नंबर पुलिस के लिए अहम लीड था। पुलिस ने जांच में पाया कि ये नंबर उस एरिया में लोकेट हो रहा था जहां किशन के साथ घटना हुई। पुलिस को खबर मिली कि इलाहाबाद से अकरम रीवा आएगा। जिसके बाद पुलिस टीम एमपी पहुंच गई और दोनों शातिरों को दबोच लिया। अकरम तीन साल पहले कटनी की जेल में रह चुका है। पहले वो ट्रेन में लोगों को नशीली चीजें खिलाकर लूटता था। इस मामले में पहले वो गिरफ्तार हो चुका है। दोनों आरोपी यूपी के कुछ शहरों में पहले भी इस तरह की वारदात को अंजाम दे चुके है।

मशरूम उत्पादन से ललित को मिली तरक्की की राह

रायगढ़ । कहा जाता है जहाँ चाह है वहां राह है एवं कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती। इसी तर्ज पर चलते हुए रायगढ़ से 15 कि.मी. दूर एक छोटे से गॉव गोर्रा के एक पोस्ट ग्रेजुवेट युवक ललित पटेल पैरा मशरूम (पुटु) उत्पादन को अपना व्यवसाय बनाकर आज अच्छा लाभ प्राप्त कर रहें हैं। ललित पटेल अपने सशक्त सोच को परिलक्षित करते हुए अपने गृह ग्राम गोर्रा में पिछले तीन वर्षो से मशरूम की खेती कर लाभ कमा रहे है, उन्हें प्रतिवर्ष अपने इस कार्य से लगभग 1.5 से 2 लाख रूपये की अतिरिक्त आमदनी हो रही है। उन्होंने वर्ष 2019 में लगभग 9 क्विंटल, वर्ष 2020 में 10 क्विंटल और वर्ष 2021 में अब तक 7 क्विंटल से एक लाख पचास हजार, पैरा मशरूम विक्रय कर लाभ ले चुके है। अभी वे प्रतिदिन 40 से 50 किलों उत्पादन ले रहे हैं।

श्री ललित पटेल खेती से जुड़े कुछ ऐसे व्यवसाय का चयन करना चाहते थें जिससे कृषि अवशेष का उपयोग करते हुए कम खर्च में अधिक से अधिक लाभ लिया जा सके। उन्हें बोईरदादर रायगढ़ स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र के बारे में जानकारी मिली जहां पर कृषि तकनीकी एवं कृषि रोजगार से संबंधित कौशल विकास एवं उद्यमिता विकास पर जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। जिले में मशरूम की मांग को देखते हुए उन्होंने इस कार्य को करने का सोचा और कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ में मशरूम उत्पादन की तकनीकी जानकारी वैज्ञानिक डॉ.मनीषा चौधरी से प्राप्त की और मशरूम उत्पादन का अपना कार्य शुरू किया। आज उनका कार्य सफल हो चुका है और वे प्रति दिन 40-50 किलो पैरा मशरूम का उत्पादन ले रहे हैं। इससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी हो रही है। जिससे उन्हें अपनी जरूरतों को पूरा करने में आसानी हो रही है। उनकी यह सफलता दूसरों के लिए भी मिसाल बन रही है।

खड़ी ट्रक से टकराया बाइक, दो की मौत एक घायल

बलौदाबाजार। सड़क हादसे में पिता ,पुत्र की मौत हो गई ,व बहु को गंभीर चोटें आई हैं। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार हादसा पलारी थाना क्षेत्र के खरतोरा के पास हुआ है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देररात बाइक सवार पिता पुत्र और बहु तीनों पैतृक गांव से रायपुर लौट रहे थे। इस दौरान गैस सिलेंडर से भरे खड़े ट्रक से बाइक टकरा गई। जोरदार टक्कर में पिता-पुत्र की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल महिला को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। पलारी पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। मृतकों की पहचान ग्राम ससहा निवासी साधुराम साहू (75) और उसके पुत्र रामकुमार साहू (35) के रूप में हुई है। साधुराम की बहू लक्ष्मी साहू (30) घायल है।

चटौद की सीता महिला संगठन ने गोधन न्याय योजना से जुड़ कर कमाए 6 लाख की राशि

» योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर में हुई बढ़ोतरी- गीता वर्मा

रायपुर (आरएनएस)। गोधन न्याय योजना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इससे स्व सहायता समूह को गावों में ही रहकर अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है और इससे खेती किसानी को जैविक बनाने में सफलता मिल रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी हुई है यह कहना है रायपुर जिले के आरंग विकासखंड अंतर्गत चटौद गांव की सीता महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती गीता वर्मा का।

श्रीमती वर्मा ने बताया कि उनके समूह में 20 सदस्य हैं। समूह की महिलाओं द्वारा वर्मी खाद का उत्पादन करने के साथ केचुआं विक्रय और जैविक कीटनाशक बनाने जैसे कार्य किए जा रहे है।

उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिया गया है। संगठन की महिलाओं ने बताया कि वे कृषि विज्ञान केंद्र रायपुर से भी सतत रूप से संपर्क बनाए रखती हैं। वर्मी खाद का पैकिंग कर उसे सोसाइटी के माध्यम से विक्रय किया जा रहा है। वर्मी कंपोस्ट के विक्रय से उन्हें 3 लाख 29 हजार की आय प्राप्त हुई है। केंचुआ के विक्रय से भी लगभग 3 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित हुआ है। केंचुआ का विक्रय सभी विकासखंडों के गोठानों में किया गया। महिलाओं ने बताया कि अर्जित आय के उपयोग वे घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में लगा रही हैं।

कलेक्टर सौरभ कुमार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले के गौठानो को आजीविका केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस योजना से भूमि की उर्वरा शक्ति और गुण्वत्ता में सुधार आ रहा हैं साथ ही पर्यावरण में सुधार और कृषि लागत में कमी भी हो रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शकुन्तले एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक न्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

शासन की योजना से श्रमिक परिवारों को मिल रही मदद

» श्रमिक परिवारों को अब तक 2 करोड़ 65 लाख की दी जा चुकी है सहायता राशि

रायगढ़ । छत्तीसगढ़ में संगठित एवं असंगठित श्रमिकों के परिवारों की सहायता के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। जिससे श्रमिकों की मृत्यु या दिव्यांगता की स्थिति में उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जा सके। इसके अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अन्तर्गत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना दिनांक 9 जून 2020 से संचालित है एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के अन्तर्गत असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 09 दिसम्बर 2019 से संचालित है।

योजना की शुरुआत से आज दिनांक तक छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में 169 श्रमिकों को राशि 01 करोड़ 69 लाख रुपये से लाभान्वित किया गया है। साथ ही असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के तहत असंगठित कर्मकार मृत्युध्दिव्यांग सहायता योजना में 96 श्रमिकों को 96 लाख रुपये की राशि से लाभान्वित किया गया है।

छ.ग.भवन निर्माण मण्डल के अंर्तगत पंजीकृत श्रमिक कन्हैया लाल चौहान पिता प्रेमलाल चौहान की पत्नी श्रीमती रामबाई चौहान ग्राम-चारभाठा तह.खरसिया जिला रायगढ़ को उनके पति की मृत्यु होने पर मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत राशि 01 लाख की सहायता राशि प्रदाय की गई है। उनकी पत्नी श्रीमती रामबाई ने बताया कि प्राप्त 01 लाख सहायता राशि से कुछ का उपयोग उन्होंने कर्ज वापसी में किया और बाकी राशि अपनी पुत्री के विवाह हेतु रखा गया है। इसी प्रकार असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत पंजीकृत श्रमिक को असंगठित कर्मकार मृत्यु/दिव्यांग सहायता योजना के तहत स्व.श्रीमती संतोषी दुबे पति बिहारी दुबे निवासी जूट मिल कॉलोनी रायगढ़ के मृत्यु उपरांत प्राप्त राशि को उत्तराधिकारी बिहारी दुबे उनके पति को 01 लाख सहायता राशि प्रदाय की गई उनके द्वारा बताया गया कि उक्त राशि का उपयोग उन्होंने अपने कर्ज वापसी में किया गया एवं शेष राषि खाते में जमा है।

उल्लेखनीय है कि श्रम विभाग रायगढ़ में निर्माणी श्रमिकों का छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल एवं असंगठित श्रमिकों का असंगठित सामाजिक सुरक्षा मंडल के तहत पंजीयन किया जाता है। छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के तहत 87 हजार 264 श्रमिकों का एवं असंगठित सामाजिक सुरक्षा मण्डल के तहत 69 हजार 739 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है।